**जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| विषम | – | वि + सम |
| प्रतिषेद | – | प्रति + सेद |
| निषंग | – | नि + संग |
| उपनिषद् | – | उप + नि + सद् |
| अभिषेक | – | अभि + सेक |

**(RAS-1996)**

| | | |
|---|---|---|
| परिषद् | – | परि + सद् |
| सुषमा | – | सु + समा |
| सुषुप्त | – | सु + सुप्त |
| सुष्मिता | – | सु + स्मिता |
| निषिद्ध | – | नि + सिद्ध |
| निसन्न | – | निषण्ण |

- यदि र, ऋ, ष में से किसी वर्ण के बाद 'न' हो व 'न' के आगे क वर्ग, प वर्ग, का कोई व्यंजन अथवा य, र, ल, व में से कोई एक वर्ण या कोई स्वर हो तो 'न' के स्थान पर विकल्प से 'ण' हो जाता है।

**जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| परिणति | – | परि + नति |
| शूर्पणखा | – | शूर्प + नखा |
| प्रणेता | – | प्र + नेता |
| पोषण | – | पोष् + अन |
| परिमाण | – | परि + मान |
| मरण | – | मर् + अन |
| उष्ण | – | उष् + न |
| तृष्णा | – | तृष् + ना |
| प्रणाम | – | प्र + मान |
| रामायण | – | राम + अयन |
| नारायण | – | नार + अयन |
| प्रणय | – | प्र + नय |
| ऋण | – | ऋ + न |
| भूषण | – | भूष् + अन |
| प्राँगण | – | प्र + आँगन |
| परिणय | – | परि + नय |
| दूषण | – | दूष् + अन |
| कृष्ण | – | कृष् + न |

**नोट –** रामायण, नारायण शब्द में व्यंजन संधि होने के साथ–साथ स्वर संधि भी होती है।

रामायण – राम + अयन – (स्वर– दीर्घ संधि)

नारायण – नार + अयन – (स्वर– दीर्घ संधि)

- यदि पद के अन्त में परि, सम् में से किसी शब्दांश के बाद कृत, कृति, करण, कार, कारक आदि से बनने वाला कोई शब्द हो तो पद के अन्त में 'परि' के बाद ष् व सम् के बाद 'स्' आ जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| परिष्कार | – | परि + कार |
| संस्कृति | – | सम् + कृति |
| संस्कृत | – | सम् + कृत |
| परिष्करण | – | परि + करण |
| संस्कार | – | संम् + कार |
| परिष्कृत | – | परि + कृत |
| संस्करण | – | सम् + करण |

## 3. विसर्ग संधि

- विसर्ग (:) के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे विसर्ग संधि कहते है।
- यदि किसी शब्द के अन्त में विसर्ग संधि आती है तथा उसमें बाद में आने वाले शब्द के स्वर अथवा व्यंजन का मेल होने के कारण जो ध्वनि विकार उत्पन्न होता है, वही विसर्ग संधि है।

### नियम

यदि पद के अन्त में 'अ' के बाद विसर्ग हो और विसर्ग के बाद कोई सघोष व्यंजन या य, र, ल, व, ह में से कोई एक वर्ण हो तो पद के अन्त में अ + : = के स्थान पर ओ 'ओ' हो जायेगा।

**जैसे –**

| | | |
|---|---|---|
| मनोविराम | – | मनः + अविराम |
| यशोभिलाषा | – | यशः + अभिलाषा |
| मनोनुकूल | – | मनः + अनुकूल |
| मनोबल | – | मनः + बल |
| मनोज | – | मनः + ज |
| यशोदा | – | यशः + दा |
| मनोविज्ञान | – | मनः + विज्ञान |
| शिरोधार्य | – | शिरः + धार्य |
| पयोधि | – | पयः + धि |
| मनोनयन | – | मनः + नयन |
| अधोगति | – | अधः + गति |
| मनोयोग | – | मनः + योग **(LDC-2013)** |
| सरोज | – | सरः + ज |
| यशोधरा | – | यशः + धरा |
| अधोभूमि | – | अधः + भूमि |
| सरोवर | – | सरः + वर |
| वयोवृद्ध | – | वयः + वृद्ध |
| मनोविनोद | – | मनः + विनोद |
| मनोरोग | – | मनः + रोग |
| तमोगुण | – | तमः + गुण |
| तपोवन | – | तपः + वन |
| मनोहर | – | मनः + हर |
| अधोलिखित | – | अधः + लिखित |
| मनोरंजन | – | मनः + रंजन |
| मनोरथ | – | मनः + रथ |
| अधोहस्ताक्षरकर्ता | – | अधः + हस्ताक्षर कर्ता |

शिरोरेखा – शिरः + रेखा
पुरोहित – पुरः + हित
मनोनीत – मनः + नीत
मनोव्यवस्था – मनः + व्यथा
अंततोगत्वा – अन्ततः + गत्वा
सरोरूह – सरः + रूह
तिरोहित – तिरः + हित

- यदि पद के अन्त में विसर्ग के बाद श, ष, स में से कोई एक वर्ण हो तो पद के अन्त में विसर्ग के स्थान पर वही वर्ण हो जाता है जो विसर्ग के बाद है।

**जैसे –**

निस्संदेह – निः + संदेह
यशश्शरीर – यशः + शरीर
दुस्साध्य – दुः + साध्य
निश्शुल्क – निः + शुल्क
दुश्शासन – दुः + शासन

**(AAO-2009 परीक्षा)**

पुनस्स्मरण – पुनः + स्मरण
निस्संतान – निः + संतान
वयष्षष्टि – वयः + षष्टि
निस्सहाय – निः + सहाय
निस्सार – निः + सार
निश्शास्त्र – निः + शास्त्र
मनस्संताप – मनः + संतान
नमश्शिवाय – नमः + शिवाय

- यदि पद के अन्त में अ, आ को छोड़कर अन्य किसी स्वर के बाद विसर्ग हो और विसर्ग के बाद कोई अघोष व्यंजन (वर्गों से पहले, दूसरे वर्ण) हो तो पद के अन्त में विसर्ग के स्थान पर निम्न परिवर्तन होगा।

(:) विसर्ग + च, छ → श्
(:) क, ख, ट, ठ, प, फ → ष्
(:) त, थ → स्

**जैसे –**

निश्छल – निः + छल
निश्चिंत – निः + चिंत
दुश्चरित्र – दुः + चरित्र
धनुष्टंकार – धनुः + टंकार
विस्तृत – विः + तृत
निष्काम – निः + काम

**(RAS-परीक्षा)**

निष्ठुर – निः + ठुर

**(LDC-2013)**

निष्फल – निः + फल
दुष्परिणाम – दुः + परिणाम
बहिष्कार – बहिः + कार
दुष्कर – दुः + कर
हरिश्चन्द्र – हरिः + चन्द्र
दुस्थकार – दुः + थकार
दुष्कर्म – दुः + कर्म
चतुष्काष्ठ – चतुः + काष्ठ
आविष्कार – आविः + ष्कार
दुष्काल – दुः + काल
निष्पक्ष – निः + पक्ष
निष्कपट – निः + कपट
निस्तेज – निः + तेज
निष्ट – निः + ट
पुष्कर – पुः + कर
निःष्पाप – निः + पाप
धनुष्पाणि – धनुः + पाणि

- यदि पद के अन्त में इ, उ के बाद विसर्ग हो और विसर्ग के बाद र् हो तो ई के स्थान पर ई, उ के स्थान पर ऊ हो जाता है।

**जैसे –**

नीरस – निः + रस

**(PSI-2007)**

नीरोग – निः + रोग

**(RAS-96, 98)**

नीरव – निः + रव
नीरज – निः + रज
दूराज – दुः + राज
नीरन्ध्र – निः + रन्ध्र
नीरद – निः + रद
नीरोध – निः + रोध
नीरूज – निः + रूज

**नोट –** उपर्युक्त शब्दों में विसर्ग के अलावा व्यंजन संधि भी होती है।

**जैसे –**

नीरस – निर् + रस
नीरन्ध्र – निर् + रन्ध्र
दूराज – दुर् + राज
नीरोग – निर् + रोग
नीरव – निर् + रव **(RAS-2019)**
नीरज – निर् + रज